## एक नजर में

### सद्भावना मंच ने रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**खंडवा।** सद्भावना मंच सदस्यों ने स्टेशन पर पहले की भांति प्रीपेड ऑटो बूथ को शुरू करने, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था, प्रस्तावित अलीराजपुर-खंडवा रेल लाइन को यदि बड़गांव गुर्जर रेलवे स्टेशन से जोड़ने को लेकर ज्ञापन दिया कि इससे खंडवा जिले के यात्रियों को अनेक महत्वपूर्ण मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों से वंचित होना पड़ेगा, जिनमें प्रमुख रूप से हैदराबाद, पुणे, बेंगलुरु, गोवा, केरल तथा मुंबई की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियाँ शामिल हैं। दूसरा, उपरोक्त गंतव्यों की ओर जाने वाली ट्रेनों से यात्रा करने वाले खंडवा के यात्रियों को बड़गांव गुर्जर स्टेशन पर उतरकर खंडवा पहुँचना पड़ेगा, इसके साथ ही तीन पुलिया और ब्रिज के बारे में स्टेशन प्रबंधक अरविंद कुमार साहा को डीआरएम भुसावल के नाम ज्ञापन सौंपा। सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन, सुरेन्द्र गीते, एन के दवे, गणेश भावसार, कमल नागपाल, ललित चौरे, सईद खान, राधेश्याम शाक्य, सुभाष मीणा, एम एम कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

### म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक



**खण्डवा।** म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोग की बैठक आयोजित की गई। आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने इस अवसर पर बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं के आधार पर जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड जैसी प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की अनुशंसा के लिए आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना है। आयोग के सदस्य श्री शुक्ला ने इस दौरान बताया कि आयोग के पोर्टल के माध्यम से प्रशासकीय इकाइयों के पुनर्गठन के लिए सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से प्राप्त सुझावों पर जिला कलेक्टर विचार कर अपनी अनुशंसा सहित आयोग को भेजेंगे। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि जिला और सब डिवीजन स्तर पर भी बैठकर आयोजित कर प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में सुझाव प्राप्त किए जाएं। आयोग के सदस्य श्री शुक्ला ने बैठक में बताया कि ग्राम पंचायत, राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर, तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में एक वृहद बैठक आयोजित की जाए और उसमें प्रशासकीय इकाइयों के युक्तियुक्तकरण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए जाएं। जिले की सभी तहसीलों और अनुविभागों की बैठकों के बाद कलेक्टर अपने स्तर पर अधीनस्थों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर अंतिम प्रस्ताव तैयार कर आयोग के पोर्टल पर अपलोड करेंगे। आयोग द्वारा केवल कलेक्टर द्वारा प्रेषित इस अंतिम प्रस्ताव की ही समीक्षा की जाएगी और प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रशासकीय इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में अनुशंसा की जाएगी। आयोग के सचिव श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि खंडवा जिले के अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, इस ग्रुप के माध्यम से अधिकारी अपने सुझाव एवं जानकारी शेयर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आज आयोजित बैठक की फॉलोअप कार्यवाही पूर्ण करने के लिए अगली मीटिंग आज से 3 माह बाद पुनः खंडवा में आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य मुकेश कुमार शुक्ला तथा सचिव अक्षय कुमार सिंह के अलावा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं सभी प्रमुख विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

### नर्मदानगर में भवन का लोकार्पण



**नर्मदानगर।** नर्मदा नगर ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित अजिवीका सिलाई सेंटर जिसमें क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार हेतू भवन का लोकार्पण समारोह हुआ। इस अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े तथा जिला पंचायत सदस्य सखाराम सरपंच, सरपंच महेश जायसवाल, जनपद सदस्य रुपाली पारौची, जिला उपाधयक्ष इंदु दुबे, संतोष यादव, राजेश गौर, अनिता परतवाड, शुभम पारौची, राजेश परिहार, संजय अजमेरा, मात शक्ति मंडल महामंत्री भाईराम यादव, प्रकाश यादव, प्रेम शंकर बिलिया राममिलन पटेल, अधिकारी भदौरिया सर आदि कायकर्ता उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों ने किया शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सनावद का शैक्षणिक भ्रमण

**नर्मदानगर।** व्यावसायिक शिक्षा संकाय के छात्र-छात्राओं ने हाल ही में अपने द्वितीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया। यह भ्रमण सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर (Electronics Hardware) ट्रेड के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस बार छात्रों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, सनावद का भ्रमण कराया गया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में, छात्रों ने कंप्यूटर नेटवर्किंग की कार्यप्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की असेंबली, और आधुनिक तकनीकी प्रयोगशालाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला सर ने बताया, व्यावसायिक शिक्षा में ऐसे भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक औद्योगिक माहौल से जोड़ते हैं, जिससे उनके कौशल विकास और रोजगार की समझ में वृद्धि होती है। व्यावसायिक शिक्षक दीपक मालाकार एवं कमलेश यादव ने बताया कि छात्रों ने भ्रमण के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों से सीधे बातचीत की और कई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल कॉन्सेप्ट्स को समझा। विद्यालय आगे भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र भविष्य में तकनीकी रूप से मजबूत और उद्योग के लिए तैयार हो सकें। यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और इसने उन्हें अपनी-अपनी ट्रेड में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# तीन पुलिया के ठेकेदार को बक्शा, जल जीवन के छोटों पर ब्लैकलिस्टेड कार्रवाई

## जल्दी में थे प्रभारी मंत्री, टाइप्ड मुद्दे उठाए और चले गए

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक भी औपचारिकता की भेंट चढ़ गई। टाइप्ड मसले उठाए गए और इनका जवाब भी सवालों की तरह ही रहा। तीन पुलिया ओवर ब्रिज का निर्माण 10 साल से हो रहा है। वह भी अधूरा है। लोग हाथ मुंह फोड़ते हुए इसके नीचे से निकल रहे हैं। समय सीमा 3 साल के लगभग थी। प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने इस मुद्दे को छुआ, लेकिन कार्रवाई करने के लिए जल जीवन मिशन के ठेकेदार ही उन्हें दिखे। तीन पुलिया ओवर ब्रिज के ठेकेदार पर ब्लैक लिस्टिंग कारवाई के बजाय छोटे-छोटे जल जीवन मिशन के ठेकेदारों को टारगेट बनाकर उन पर ब्लैक लिस्टेट करने की कार्रवाई का अफसर को कह गए। यह काम भी होता है, या नहीं यह भविष्य की बात है। कलेक्टर ने भी सभी मुद्दों पर मरहम लगाते हुए कहा कि फालोअप वाली बैठक हम लगातार लेते रहेंगे।

लंबे समय बाद जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेने प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में संचालित विकास कार्यों को त्वरित गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

### सही उठाए यह मुद्दे

प्रभारी मंत्री ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों से कहा कि एसएन कॉलेज के पास स्थित रेलवे ओवरब्रिज की रिपेयरिंग का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। उन्होंने खंडवा-मूंदी मार्ग की रिपेयरिंग भी शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने खंडवा-डुल्हार- पंधाना मार्ग का निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए।

### ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करें

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जिन ग्रामों में पेयजल योजनाओं की पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोद दी गई हैं, उन्हें तुरंत रिपेयर कराया जाए।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं वाले ग्रामों के प्रत्येक घर में नल से जल की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री से कहा। जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं में जो ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं उन्हें ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई करें।

### जावर, छैगांवमाखन उद्वहन सिंचाई योजनाएं पूरी करें

जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने जावर उद्वहन सिंचाई योजना और छैगांवमाखन माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के कार्यों के संबंध में समस्याएं बताईं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याएं निराकृत करने के लिए कहा। श्री लोधी ने जिले में नामांतरण, सीमांकन, बँटवारा के लंबित प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। यह सही है कि इस काम के लिए लोग बार-बार भटक रहे हैं। तहसील और एसडीएम कार्यालय की लगातार शिकायत आ रही हैं। बिना मतलब काम को पेंडिंग में रखकर लोगों को परेशान किया जा रहा है।



### तीन पुलीया के ठेकेदार पर कोई मंत्री या अफसर हाथ नहीं डालता, क्यों?

तीन पुलिया-आनंद नगर के निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए सेतु विकास निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस नए पुल निर्माण के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका न रहे। इसलिए ट्रैफिक प्लान तैयार कर विशेषज्ञों की राय लेकर पुल का शेष कार्य पूरा किया जाए।

# बैंक में गबन कर भागा मैनेजर 3 साल बाद गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** बैंक के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी बैंक मैनेजर को रामनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वर्ष 2022 में फिनो फाइनेंस बैंक भंडारिया रोड खंडवा में खुली थी। उसकी वसूली का पैसा लेकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस उसे 3 साल से ढूंढ रही थी।

इस बैंक का काम छोटे-छोटे व्यवसाईयों को लोन देकर ब्याज सहित किस्त में रकम वापस लेने का था। फाइनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर मनोहर सिंह पिता मांगीलाल मालवीय निवासी रुपहेड़ा आस्टा जिला सीहोर थे। उनके द्वारा ग्राहकों से पैसा इकट्ठा कर बैंक में जमा करना था, किंतु ग्राहकों से ली गई रकम 168000 रुपए बैंक मैनेजर बैंक में न जमा कर धोखाधड़ी कर फरार हो गया था। थाना कोतवाली खंडवा में अपराध धारा 420, 409 आईपीसी का अपराध कायम कर आरोपी की तलाश की गई, 2022 से आरोपी फरार हो गया था।

पुलिस अधीक्षक शमनोज कुमार राय ने गंभीर अपराधों के अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए मुहिम चला रखी है। रामनगर चौकी पुलिस द्वारा 2022 से फरार आरोपी मनोहर पिता मांगीलाल मालवीय निवासी रूपखेड़ा थाना आष्टा जिला सीहोर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# शराब के पैसे नहीं देने पर पीटने वालों को 6 माह की सजा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। अवैध रूप से शराब पीने के लिए पैसे मांगने वाले आरोपी को 06 माह का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।**



हरसूद में स्वतंत्रता दिवस 2024 के दिन फरियादी फीलगुड चौराहे से गुरुनानक शोरूम जा रहा था। शोरूम के पास भगतसिंह चौक पर संजय ने उससे मदिरा पीने के लिए पैसे मांगे। डंडे से संजय ने उसके सिर पर दाहिने तरफ मार दिया। जिससे खून निकलने लगा। सोनू ने उसे गाल पर थप्पड़ मारा। जाते समय दोनों ने फरियादी को जान से मारने की धमकी दे गए। फरियादी संदीप ने प्रथम सूचना रिपोर्ट कराई थी।

न्यायालय ने आरोपी संजय पिता मांगीलाल उम्र 20 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी छनेरा थाना हरसूद जिला खण्डवा को धारा 119(1), 115(2) बीएनएस मे 6 माह का सश्रम कारावास व 2000/- रू अर्थदण्ड से दंडित किया।

# प्रभारी मंत्री लोधी ने ग्राम नहाल्दा में जल संरक्षण के लिए श्रमदान किया



**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। प्रदेश सरकार के पर्यटन, संस्कृति व धार्मिक न्यास विभाग के मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को ग्राम नहाल्दा में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण के उद्देश्य से वहां वर्षा ऋतु में खेतों का पानी खेत में ही रोकने के लिए तैयार किए जा रहे रिचार्ज पिट निर्माण के** दौरान श्रमदान किया।

प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने इस अवसर पर कहा कि खण्डवा जिले में जल संरक्षण और संवर्द्धन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है और खण्डवा जिले को राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर इसके लिए सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने रिचार्ज पिट के माध्यम से वर्षा ऋतु में खेतों का पानी खेत में ही रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। गांव के सरपंच ने इस दौरान बताया कि वर्षा का पानी खेतों से व्यर्थ न बहे और खेत का पानी खेत में ही रूककर मिट्टी की नमी बढ़ाए, इस उद्देश्य से खेतों के आसपास 15-15 मीटर दूरी पर इस तरह की रिचार्ज पिट बनाई जा रही हैं। ग्राम नहाल्दा में इस तरह की कुल 266 संरचनाएं निर्मित की जाएंगी।

इस अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तन्वे, पन्धाना विधायक छाया मोरे, खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, वन मंडल अधिकारी राकेश डामोर, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

# समाधि पर गीत गाने जोधपुर से भी पहुंचे किशोरभक्त



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** किशोर दा के प्रति प्रेम रखने वाले जोधपुर हाईकोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता जितेंद्र ओझा परिवार सहित किशोरकुमार की समाधि पर पहुंचे। खंडवा के किशोर प्रेमियों के साथ किशोर दा की समाधि स्थल पर पहुंचकर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। किशोर स्मारक पर राजा शर्मा म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से किशोर दा के गीतों को गाकर सुरमयी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर स्मारक पर अधिवक्ता श्री ओझा ने अपने परिवार सहित किशोर दा के गीतों को गाया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मैं बहुत कम उम्र से किशोर दा के गीतों को पसंद करता हूं और उन्हें गाता हूं मेरी सुबह और रात्रि किशोर दा के गीत से ही शुरू होती है बहुत दिनों से इच्छा थी, लेकिन दादा ने जब बुलाया तब चले आए, यहां आकर बहुत अच्छा लगा सरकार द्वारा समाधि के साथ एक अच्छा स्मारक भी बनाया गया है, यहां आकर मेरा सपना पूर्ण हुआ।

मिनी किशोर राजा शर्मा, सुनील सोमानी, ईश्वर डिंडोरै, सुनील जैन, संजय मुदीराज, भीमरावअटकले, सुशांत सिंह गीते सीमा जोशी, सीमा लोणारै सहित कई किशोर प्रेमियों ने उपस्थित होकर गीतों की प्रस्तुति दी।

**पुलिस** 21 आदतन अपराधियों से भरवाए बाउंड ओवर

# अवैध शराब, गुंडे-बदमाशों के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 34 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 15 प्रकरणों मे 25 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरणों मे 09 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 21 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 14 गिरफ्तारी, 59 जमानती वारंट, 75 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना कोतवाली के आरोपी मयूर पिता राजकुमार सोदे उम्र 25 वर्ष निवासी कंजर मोहल्ला खंडवा के कब्जे से गोवा विक्री शराब के के 20 क्वटर कीमती 1800/-रूपए की जप्त की गई। थाना पिपलोद की आरोपिया ग्यारसीबाई पति लक्ष्मण चौहान जाति तंवर उम्र 50 साल निवासी ग्राम रामपुरी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### वाहन चालकों पर एम.व्ही. एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 47 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 32200/- रुपये वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### सट्टा लिखते हुए पकड़ा

थाना कोतवाली के आरोपी आरिफ पिता काले खान जाति मुसलमान उम्र 58 वर्ष निवासी खडकपुरा खंडवा सट्टा अंक पर्ची लेख करते पकडा जिसके कब्जे से 04 सट्टा अंक लिखी पर्ची एक लीड पेन, एक कार्बन का टुकडा नगदी 520 रूपए जप्त किये गये एवं आरोपी द्वारा मेमो में मनीष वर्मा के कहने पर सट्टा लेना बताया एवं उसके घर जाकर सट्टा अंक पर्चीया तथा पैसे देता हैं बदले में मनीष वार्म उसे 500 रूपये सट्टे प्रतिदिन कमीशन देता हैं। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट 49 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

# बटालियन खंडवा में खुले इसको लेकर समस्त कागजाद मंत्री लोधी को सौंपे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले की सुरक्षा एवं विकास को लेकर वर्तमान मे पूरे जिले में जो महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन चल रहा है, उसमें विकास की दृष्टि से निमाड़ का संभाग बनाना और इसका मुख्यालय खंडवा हो, दूसरा सुरक्षा की दृष्टि से जो मामला है उसमें बटालियन खंडवा में खुले। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बटालियन खोलने को लेकर 6 वर्ष पूर्व ही ग्राम सुरगांव नीपानी में भूमि का खसरे में आंबटन मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के नाम किया जा चुका है, सभी दृष्टि से खंडवा में बटालियन खुले इसके मापदंड भी गृह मंत्रालय भोपाल में जमा है।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बटालियन और संभाग को लेकर मंत्री कुंवर विजय शाह, संसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे, महापौर अमृता अमर यादव, मांधाता विधायक नारायण पटेल, छाया मोरै द्वारा दोनों मुद्दों को लेकर कई बार मुख्यमंत्री से चर्चा हो चुकी है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रशासनिक दृष्टि से बटालियन खुलने के संकेत खंडवा को प्राप्त हो रहे हैं। जिला योजना की बैठक लेने शनिवार को खंडवा पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को भी खंडवा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के साथ विधायक महापौर द्वारा भी खंडवा में बटालियन विषय पर पर चर्चा की गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने भी प्रदेश की मोहन सरकार के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री श्री लोधी का स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें बटालियन को लेकर जरूरी कागजात देते हुए कहा कि बटालियन खंडवा में ही खुलना चाहिए। मंत्री विजय शाह जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और कलेक्टर ऋषव गुप्ता को भी को भी बटालियन से संबंधित कागजाद प्रस्तुत किए गए। इन कागजादों में भूमि आवंटन से लेकर समस्त मापदंड और खंडवा में क्यों जरूरी है बटालियन इसकी ब्रीफ भी है। प्रभारी मंत्री श्री लोधी ने भी कलेक्टर कार्यालय में बैठक में कहा कि बटालियन की आवश्यकता खंडवा को है और बटालियन को लेकर कुछ अच्छी खबर शीघ्र ही आएगी।



लेकिन अभी भी बटालियन एवं संभाग को लेकर सता संगठन के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। जो मुख्यमंत्री से मिलकर पूर्ण हो सकती है।